# 1170 अग्निवीरों ने राष्ट्र रक्षा की ली शपथ

## अनुशासित परेड और जोशपूर्ण मार्च से ऐतिहासिक सोमनाथ मैदान शनिवार को देशभक्ति के रंग में रंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** ऐतिहासिक सोमनाथ मैदान शनिवार को देशभक्ति के रंग में रंग गया, जब 1170 अग्निवीरों ने भारतीय सेना का अभिन्न अंग बनते हुए राष्ट्र रक्षा की शपथ ली। छह माह के कठिन और अनुशासित सैन्य प्रशिक्षण के बाद अग्निवीरों ने अंतिम पग भरकर सेना में अपनी औपचारिक यात्रा शुरू की।



समारोह के दौरान अग्निवीर बहादुर, रुगढ़ धुन से कदमताल करते हुए मैदान में पहुंचे। उनकी अनुशासित परेड और जोशपूर्ण मार्च ने मौजूद लोगों को गौरवान्वित कर दिया। मैदान में मौजूद अभिभावकों और बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने भारत माता की जय के नारों के साथ नवसैनिकों का उत्साहवर्धन किया। पूरा परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं ने अग्निवीरों को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए समर्पित रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कुमाऊँ रेजिमेंटल सेंटर (केआरसी) के कमांडेंट ब्रिगेडियर विजयंत महादिक ने सभी अग्निवीरों और उनके परिजनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में भर्ती होना सौभाग्य की बात है और देश सेवा का अवसर हर किसी को नहीं मिलता।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र और भारतीय सेना उन माता-पिता के प्रति कृतज्ञ हैं, जिन्होंने अपने बेटों को देश की सुरक्षा के लिए समर्पित किया है। ब्रिगेडियर महादिक ने अग्निवीरों को कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ सेवा करने का संदेश दिया। समारोह के दौरान प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेष्ठ अग्निवीरों को सम्मानित भी किया गया।

### देश की वर्दी पहनना सौभाग्य, इसे सम्मान और जिम्मेदारी के साथ निभाएं

**मोहित अधिकारी**

**अल्मोड़ा।** कुमाऊं रेजिमेंटल सेंटर (केआरसी) के ऐतिहासिक सोमनाथ मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह केवल सैन्य परंपरा का आयोजन नहीं था, बल्कि हजारों परिवारों के सपनों के साकार होने का भी क्षण था। छह माह के कठोर प्रशिक्षण के बाद 1170 युवा भारतीय सेना का हिस्सा बने और उन्होंने राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया। समारोह में मौजूद अभिभावकों के चेहरे गर्व से दमक रहे थे। कई परिवार दूर-दराज से अपने बच्चों को वर्दी में देखने पहुंचे थे। जैसे ही नवसैनिकों ने परेड मैदान में कदम रखा, दर्शक दीर्घा तालियों और देशभक्ति के नारों से गूंज उठी। कार्यक्रम के दौरान सेना के अधिकारियों ने कहा कि सैनिक का जीवन केवल नौकरी नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक होता है। उन्होंने नवसैनिकों से अनुशासन, साहस और निष्ठा को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सेना में प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाना नहीं, बल्कि हर परिस्थिति में देशहित को सर्वोपरि रखने की भावना विकसित करना है। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में सैनिकों के परिजन मौजूद रहे। पूरे आयोजन में उत्साह, गर्व और देशभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## एक नजर

### चाय की दुकान में चल रही थी शराबखोरी

**अल्मोड़ा।** जिले के चौखुटिया क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने और पिलाने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत मासी चौकी पुलिस ने कैनीखोला में चेकिंग के दौरान कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार गोपाल सिंह अपनी चाय की दुकान में ग्राहकों को अवैध रूप से शराब परोसता और बेचता मिला। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से तीन हाफ, दो क्वार्टर सीलबंद अंग्रेजी शराब, एक खुली बोतल तथा दो स्टील के गिलास बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कोतवाली चौखुटिया में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### चौकुनी रोड पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित

**अल्मोड़ा।** चौकुनी रोड पर विशाल पेड़ सड़क पर गिर जाने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। घटना की सूचना फायर स्टेशन रानीखेत को मिली। सूचना मिलते ही फायर रेस्क्यू टीम आवश्यक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। मिली जानकारी के अनुसार घटनास्थल पर पेड़ सड़क के बीचोंबीच गिरा हुआ था, जिससे दोनों ओर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। फायर कर्मियों ने उड़न कटर की सहायता से पेड़ को काटा और जेसीबी मशीन की मदद से उसके हिस्सों को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर हटाया। त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई के बाद मार्ग को यातायात के लिए खोल दिया गया। फायर यूनिट की तत्परता से आवागमन व्यवस्था शीघ्र सामान्य हो सकी और लोगों को राहत मिली।

### रमेश गैरोला को राष्ट्रपति उत्कृष्ट सेवा पदक

**अल्मोड़ा।** पुलिस में तैनात रिजर्व इंस्पेक्टर रमेश चंद्र गैरोला को उनकी उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाओं के लिए राष्ट्रपति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली स्थित एसपीजी कॉम्प्लेक्स में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार गैरोला को एसपीजी में नौ वर्षों की सराहनीय सेवा के लिए यह पुरस्कार मिला। विशेष बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी से सम्मान प्राप्त करने का यह उनका दूसरा अवसर है। इससे पहले वर्ष 2023 में उन्हें एसपीजी में उत्कृष्ट कार्य के लिए 'बेस्ट टेक्निकल ऑफिसर' पुरस्कार भी मिल चुका है। उनकी इस उपलब्धि पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के सहित पूरे अल्मोड़ा पुलिस परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### अवैध काली फिल्म लगाने वालों पर कार्रवाई

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में शनिवार को रानीखेत कोतवाली, सल्ट तथा धौलछीना थाना पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना, आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना और शांति व्यवस्था कायम रखना था। चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध वाहनों और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की जांच की। इस दौरान चार वाहनों में लगी अवैध काली फिल्म मौके पर ही हटवाई गई।

### रोडवेज बस पेड़ से टकराई, दर्जनभर यात्री घायल

**काशीपुर।** बाइक सवार को बचाने के चक्कर में देहरादून से हल्द्वानी जा रही एक रोडवेज बस यहां मंडी समिति के सामने पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में 13 यात्री घायल हो गए। उपचार के बाद सभी गंतव्य को चले गए। जानकारी के अनुसार देहरादून डिपो की बस संख्या यूके 7पीए 4512 देहरादून से हल्द्वानी जा रही थी। शनिवार सुबह करीब 7 बजे बस काशीपुर में मंडी समिति के पास पहुंची, तभी एक बाइक सवार अचानक बस के सामने आ गया। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस पेड़ से टकरा गई। बस में 26 यात्री सवार थे। जिनमें 13 यात्री घायल हो गए, जिनका निजी अस्पताल में उपचार हुआ। उपचार के बाद सभी दूसरी बस से अपने गंतव्य को चले गए। सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार ने बताया कि घायल यात्रियों को गंभीर चोटें नहीं आई है। यात्रियों को दूसरी बस से हल्द्वानी भेजा गया है।

### अगल-अलग मामलों में तीन गिरफ्तार

**काशीपुर।** कोतवाली काशीपुर पुलिस द्वारा एक वारंटी समेत तीन लोगों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपनिरीक्षक हेमचंद्र तिवारी, उपनिरीक्षक गणेश पांडे तथा कांस्टेबल महेश राम के द्वारा चैकिंग के दौरान अलीगंज रोड पर फसियापुरा स्थित सरकारी स्कूल के निकट रेल पटरी के पास से रमेश सैनी पुत्र रामलाल सैनी निवासी बांसखेड़ी थाना आईटीआई, काशीपुर को 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली काशीपुर हरेंद्र चौधरी द्वारा गठित टीम के उपनिरीक्षक देवेंद्र सामंत व उपनिरीक्षक दिनेश चंद, कांस्टेबल कांस्टेबल ज्ञानेंद्र कुमार व सचिन कुमार ने चैकिंग के दौरान कब्रिस्तान स्थित शव विश्राम स्थल बांसफोड़ान काशीपुर से शकील पुत्र शमसुद्दीन निवासी थाना साबिक वार्ड नं.-22 कोतवाली काशीपुर 4.14 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार उसके विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया है। वहीं, उपनिरीक्षक हेमचंद तिवारी व कांस्टेबल महेश राम द्वारा काफी लंबे समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे वारंटी राहुल कुमार पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई, काशीपुर को गिर" तार किया गया है।

# सल्ट में दर्दनाक सड़क हादसे में चालक की मौत

**अल्मोड़ा।** जिले के सल्ट विकासखंड क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में डंपर चालक की मौत हो गई। महरौली-चित्तौड़गढ़ क्षेत्र में अनियंत्रित होकर डंपर गहरी खाई में जा गिरा, जिससे चालक की मौके पर ही जान चली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि महरौली के समीप एक डंपर दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर गया है। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत-बचाव दल घटनास्थल के लिए रवाना हो गया। मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि डंपर लगभग 100 मीटर गहरी खाई में गिरा हुआ था। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने जोखिम भरे हालात के बीच खाई में उतरकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद वाहन तक पहुंच बनाई गई और उसमें फंसे व्यक्ति को बाहर निकाला गया। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान सल्ट क्षेत्र के बासौली गांव निवासी 28 वर्षीय रमेश चंद्र रिखाड़ी पुत्र गोपाल दत्त रिखाड़ी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रमेश खाली डंपर लेकर मौलेखाल से रुडोली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में जा गिरा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। हादसे के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। इस दुर्घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# पत्रकारों ने मनाया पत्रकारिता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** काशीपुर मीडिया सेंटर के तत्वाधान में आज हिंदी पत्रकारिता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। संगठन के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार एफयू खान एवं पत्रकार जुगनू खान की बड़ी बहन के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने के उपरांत आरंभ हुए कार्यक्रम में पत्रकारिता के महत्व, समाज में मीडिया की भूमिका तथा निर्भीक एवं निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो समाज को जागरूक करने और जनहित के मुद्दों को सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। काशीपुर मीडिया सेंटर अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह सेठी एवं अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पत्रकारों के योगदान की सराहना की।



अध्यक्ष श्री सेठी ने कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करते हैं तथा सत्य और जनहित की आवाज को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। सभी पत्रकारों ने एक-दूसरे को हिन्दी पत्रकारिता दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर काशीपुर मीडिया सेंटर के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार रफी खान ने किया। उधर सूचना दी गई कि भीषण गर्मी में राहगीरों और क्षेत्रवासियों की सेवा हेतु काशीपुर मीडिया सेंटर आगामी मंगलवार, 2 जून को महाराणा प्रताप चौक पर ठंडे शरबत की छबील का आयोजन करेगा।

### बच्चों को साइबर सुरक्षा का पाठ पढ़ाया

**अल्मोड़ा।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में अल्मोड़ा पुलिस ने जनपद के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र छात्राओं को सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। एसएसपी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रमों के तहत विद्यार्थियों को पटेल के जीवन, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान तथा राष्ट्रीय एकता के महत्व की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति, मानव तस्करी और सड़क सुरक्षा विषयों पर भी जागरूक किया। साथ ही साइबर हेल्पलाइन 1930, डायल-112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा अन्य आपातकालीन सेवाओं की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई।

### ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

**अल्मोड़ा।** सल्ट ब्लॉक के राजकीय इंटर कालेज खुमाड़ में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष नवीन वर्मा ने की। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, स्वरोजगार, पेयजल और विद्युत योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान कुल 16 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। कार्यक्रम में चाय विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष महेश्वर सिंह मेहरा, ब्लॉक प्रमुख कंचन रावत, एसडीएम रिंकू बिष्ट, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र पांडेय सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि रहे।

# मीडियम पेसर टैलेंट हंट कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड द्वारा राज्य के सभी जनपदों में प्रतिभावान तेज गेंदबाज़ों की खोज के उद्देश्य से संचालित नि:शुल्क मीडियम पेसर टैलेंट हंट प्रोग्राम के अंतर्गत शनिवार को नर सिंह ग्राउंड, रानीखेत में जिला अल्मोड़ा का चयन एवं परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 45 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों का परीक्षण एवं मूल्यांकन क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड के मुख्य चयनकर्ता एवं पूर्व रणजी खिलाड़ी रंजीत माली द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों की गेंदबाज़ी तकनीक का मूल्यांकन करने के साथ-साथ उन्हें प्रभावी एवं बेहतर गेंदबाज़ी के महत्वपूर्ण गुर भी सिखाए।



क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में अंडर-19, अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय परीक्षण एवं आगे की चयन प्रक्रिया के अवसर प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा के अध्यक्ष हरीश मनराल, उपाध्यक्ष हेमंत बिष्ट, सचिव हर्ष गोयल, उप सचिव धीरज वर्मा, संरक्षक संजय मेहरा, पंकज जोशी, दीप उपाध्याय, दीपक मेहरा, तरुण साह एवं विजय तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रतिभा खोज कार्यक्रमों से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को उचित मंच मिलेगा तथा उत्तराखण्ड क्रिकेट को नई दिशा और मजबूती प्राप्त होगी।

# रामपुर तिराहा कांड में पीड़ितों को मिले पूर्ण न्यायः डा. उपाध्याय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड आंदोलन के सक्रिय कार्यकर्ता एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल डा. गणेश उपाध्याय ने कहा है कि रामपुर तिराहा कांड उत्तराखंड की अस्मिता, संघर्ष और बलिदान का प्रतीक है। यह घटना प्रदेशवासियों को न्याय, अधिकार और सम्मान की लड़ाई के लिए निरंतर प्रेरित करती रहेगी।



डा. उपाध्याय ने कहा कि आंदोलनकारियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस प्रकरण में पूर्ण न्याय सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सरकार और जांच एजेंसियों से न्याय प्रक्रिया को प्रभावी एवं निष्पक्ष बनाने की मांग की। उनका कहना था कि न्याय की राह में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह स्वयं उत्तराखंड आंदोलन के दौरान सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं और उस समय कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के छात्रसंघ अध्यक्ष थे। एक आंदोलनकारी के रूप में इस प्रकरण से उनका भावनात्मक जुड़ाव रहा है तथा उत्तराखंड के जनमानस की भावनाओं को आवाज देना अपना दायित्व मानते हैं। डा. उपाध्याय ने कहा कि रामपुर तिराहा कांड का दुखद अध्याय हमें यह संदेश देता है कि शहीदों और पीड़ितों के सपनों को साकार करने के लिए समाज को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि अदालत के निर्णय का सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन यदि कहीं प्रक्रियागत कमियां रह गई हैं तो उन्हें दूर करते हुए न्याय की खोज को आगे बढ़ाया जाना आवश्यक है।

# राहुल गांधी के दौरे की तैयारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** आगामी 4 जून को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली में अधिकाधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय बागेश्वर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्जुन चन्द्र भट्ट ने की। बैठक में बागेश्वर जनपद से अल्मोड़ा में आयोजित होने वाली रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श कर रैली की तैयारियों को अंतिम रूप देने पर जोर दिया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्जुन चन्द्र भट्ट ने प्रत्येक संगठनात्मक इकाई से रैली में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। महिला कांग्रेस से जुड़ी कार्यकर्ताओं से पारंपरिक एवं आकर्षक परिधान पहनकर रैली में शामिल होने की अपील की गई, जिससे कार्यक्रम में महिलाओं की प्रभावी उपस्थिति दर्ज हो सके। युवा कांग्रेस को अधिक से अधिक युवाओं को रैली से जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं से भी छात्र-छात्राओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। बैठक में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष लोकमणि पाठक, नरेंद्र सिंह कोरंगा, चामू देवली, प्रकाश आर्या, कुंदन गिरी, महेश, सुरेश, कमल, सुंदर लाल टम्टा आदि मौजूद थे।




### वकीलों ने एसडीएम को बताई समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** अधिवक्ताओं ने बैठक कर कई मुद्दों से उपजिलाधिकारी को अवगत कराया वहीं शीघ्र समाधान की मांग की। शनिवार को कालाढूंगी तहसील में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसके एसडीएम सुधीर कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक में अधिवक्ताओं के लिए भवन की व्यवस्था, रजिस्ट्रीय कार्यालय सप्ताह में दो दिन किए जाने, रजिस्ट्री डॉक्यूमेंट कालाढूंगी में ही उपलब्ध कराने, दाखिल खारिज व 143 जैसे न्यायिक मामलों में बाहर वाले व्यक्तियों का दखल बंद किए जाने की मांग की। इस दौरान सर्व समिति से 7 सदस्यों की टीम भी गठित की गई जिसमें पुष्कर सिंह बिष्ट, खीम सिंह बोरा, प्रमोद जोशी, मीना डोडियाल, सुनील बुधलाकोटी, जगदीश चंद, गोपाल बिष्ट आदि को शामिल किया गया। इस दौरान अधिवक्ता रविन्द्र आर्यो ने कालाढूंगी तहसील में अधिवक्ताओं की मांग पर वाटर कुलर लगाने की घोषणा की। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता गोविंद सिंह बिष्ट ने की संचालन मोहन सिंह बिष्ट ने किया। इस दौरान तहसीलदार पूजा शर्मा सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।



# न्यायालय ने बीमा कम्पनी को दिया 18.60 लाख का भुगतान करने का आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश काशीपुर रीतेश कुमार श्रीवास्तव ने सड़क दुर्घटना में मारे गये ग्राम अल्हैपुर मोहकम थाना रेहड़ जिला बिजनौर निवासी सुभाष सिह ऊं निशु के परिजनों को 18,60,508/- रूपये तथा वाद दायर करने की तिथि से 5 प्रतिशत व्याज सहित भुगतान करने का नेशनल इंश्योरेंस कम्पनी को आदेश दिया है। विदित हो कि 05 दिसम्बर 2024 को ग्राम अल्हैपुर मोहकम थाना रेहड़ जिला बिजनौर निवासी लाल सिंह का पुत्र सुभाष सिह ऊं निशु अपने गांव के पुष्पेन्द्र सिंह के साथ बाइक से अपने घर से जसपुर को जा रहा था कि जैसे ही वह दोनों हरिपुरा महुआडाबरा पेट्रोल पम्प के पास पहुंचे तभी फोन आने पर, बाइक को रोककर अपनी साइड में खड़ा होकर बात कर रहा था कि तभी जसपुर की ओर से आ रही महेन्द्रा पिकप के चालक ने सुभाष सिह उर्फ निशु को टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसकी मौके पर ही मृत्यू हो गयी तथा उसका साथी बाल-बाल बचा। दुर्घटना के बाद चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर भाग गया। इस घटना की रिपोर्ट मृतक के पिताजी लाल सिंह ने थाना जसपुर में दर्ज करायी थी। मृतक सुभाष सिंह के माता-पिता ने अपने अधिवक्ता कैलाश चन्द्र प्रजापति के माध्यम से क्षतिपूर्ति का मुकदमा जिला जज की अदालत में रूद्रपुर में दाखिल किया था जिसे सुनवाई के लिऐ द्वितीय अपर जिला जज रीतेश कुमार की अदालत में भेजा गया था। मृतको के परिजनों की ओर से पैरवी करते हुये कैलाश चन्द्र प्रजापति एडवोकेट ने न्यायालय में मृतक के पिता लाल सिंह व पुष्पेन्द्र सिंह को परिक्षित कराया। उधर बीमा कम्पनी के अधिवक्ता का तर्क था कि मृतक घटना के वक्त मोबाइल पर बात कर रहा था तथा एमवी एक्ट के प्राविधानों का उल्लंघन कर रहा था। अधिवक्ता कैलाश चन्द्र प्रजापति के तर्को से सहमत होकर तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का परिशीलन कर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीतेश कुमार श्रीवास्तव ने नेशनल इंश्योरेंस कम्पनी को मृतक रंजीत सिंह भाटिया के परिजनो को अट्ठारह लाख साठ हजार पांय सौ आठ रूपये तथा वाद योजित करने के दिनांक से 5 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करने का आदेश दिया।

# पिंडारी ग्लेशियर ट्रेक से लौटते समय पर्यटक लापता, तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** पिंडारी ग्लेशियर ट्रेक से लौट रहा एक पर्यटक मलियाधार क्षेत्र से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस, वन विभाग और एसडीआरएफ की टीमें उसकी तलाश में जुट गई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से भी आसपास के जंगल और दुर्गम क्षेत्रों में सघन खोजबीन की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सहारनपुर निवासी 35 वर्षीय अभिषेक चौहान पुत्र रघुनाथ चौहान, जो वर्तमान में गुजरात में रहते है, 28 मई को गाइड आनंद राम के साथ खाती से द्वाली की ओर ट्रेक पर गया था। 29 मई को वापसी के दौरान मलियाधार क्षेत्र के पास वह कुछ देर रुक गया और गाइड को आगे बढ़ने के लिए कह दिया। काफी समय तक उसके नहीं पहुंचने पर गाइड को चिंता हुई। वह वापस लौटा और आसपास के क्षेत्र में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। देर रात खाती पहुंचने के बाद गाइड ने वन विभाग की रेंजर डौली डोभाल को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और खोज अभियान शुरू कर दिया। क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए सर्च ऑपरेशन में स्थानीय लोगों का भी सहयोग लिया जा रहा है। थानाध्यक्ष प्रताप नगरकोटी ने बताया कि 112 के माध्यम से पर्यटक के लापता होने की सूचना प्राप्त हुई थी। घटना की जानकारी उसके परिजनों को भी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि लापता पर्यटक की तलाश के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन की जा रही है।

# निष्पक्ष और निर्भीक होकर समाज की समस्याओं को उठाएं पत्रकार : बिष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर/गरुड़।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर यहां गोष्ठी व सम्मान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि पत्रकार निष्पक्ष और निर्भीक होकर समाज की समस्याओं को उठाएं। इस मौके पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों और पत्रकारों को दर्जा राज्यमंत्री व मां भ्रामरी जन कल्याण समिति ने सम्मानित किया। तहसील पत्रकार संगठन के तत्वाधान में आयोजित संगोष्ठी के विषय समाजोत्थान में पत्रकारों की भूमिका विषय पर बोलते हुए दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि पत्रकारिता समाज का प्रतिबिंब है। पत्रकारिता समाज और सरकार के बीच सेतु का काम करती है। उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ पत्रकारों से जनता की आवाज बनने को कहा। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवि गोपाल दत्त भट्ट ने कहा कि संकट के समय पत्रकारों ने ही इस देश को संभाला है। उन्होंने पत्रकारों से राजनीति से दूर रहकर जनपक्षीय मुद्दों को कलम की तेज धार देने को कहा। प्रमुख वक्ता डीके जोशी ने पत्रकारिता के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि विधायक ललित फर्सवाण व नपं अध्यक्ष भावना वर्मा ने कहा कि पत्रकारिता समाज का मार्गदर्शन करती है। साहित्यकार रतन सिंह किरमोलिया, पूर्व बीईओ जीवन चंद्र दुबे व पूर्व प्रधानाचार्य नंदन सिंह अल्मिया ने कहा कि पत्रकार सामाजिक मुद्दों व लोगों की पीड़ा को सरकार तक पहुंचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर स्वीप के ब्लाक समन्वयक उमेश जोशी ने एसआरआई की विस्तृत जानकारी दी। एसडीएम वैभव कांडपाल ने पत्रकार संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। संचालन चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। इस दौरान कोतवाल कैलाश सिंह नेगी, पत्रकार रमेश बृजवासी, अर्जुन राणा, अखिल जोशी, कृष्णा गढ़िया, अनिल पांडे, दिनेश नेगी, हरीश जोशी, जिपंस जनार्दन लोहुमी, बबलू नेगी, सुनील दोसाद, दिनेश बिष्ट, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेंद्र मेहता, हरेंद्र चिलवाल, शंकर लाल टम्टा, डा. अवधेश तिवारी, सुरेश जोशी, सूरज मेहरा, रोहित पांडे, राजू नेगी आदि मौजूद थे। इधर जिला मुख्यालय स्थित सूचना विभाग में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में हिंदी पत्रकारिता पर पत्रकारों ने अपने अपने विचार रखे। जिसके बाद सभी ने पत्रकारिता पर सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव के बारे में चर्चा की गई। इस मौके पर जिले के दर्जनों पत्रकार प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### फेसबुक-इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती, नाबालिग को दिल्ली ले जा रहा युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कपकोट क्षेत्र के कर्मी निवासी एक युवक पर नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर घर से भगाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पुलिस ने युवक और नाबालिग को बालीघाट के समीप पकड़ लिया। इसके बाद दोनों को थाने लाया गया और मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई। जानकारी के अनुसार, नाबालिग के पिता ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया कि कर्मी निवासी 26 वर्षीय उमेश दानू पुत्र नीरज सिंह उनकी 17 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर घर से दिल्ली ले जा रहा था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि युवक ने उनकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। शनिवार को पुलिस नाबालिग को चिकित्सीय परीक्षण (मेडिकल जांच) के लिए जिला अस्पताल लाई। पुलिस के अनुसार, आरोपी युवक शुक्रवार को नाबालिग को उसके घर से दिल्ली की ओर ले जा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों को बालीघाट के पास रोक लिया। इसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। बताया जा रहा है कि पूछताछ में नाबालिग ने पुलिस को बताया कि उसकी पहचान उमेश से फेसबुक और इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। दोनों पिछले करीब छह माह से एक-दूसरे के संपर्क में थे। इस दौरान युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में वह उसे दिल्ली ले जाने लगा। जानकारी के मुताबिक आरोपी युवक विवाहित है और उसके घर में करीब डेढ़ वर्ष का एक बेटा भी है। आरोप है कि उसने अपनी शादी और बच्चे की जानकारी नाबालिग से छिपाई थी। युवक दिल्ली में एक निजी कंपनी में कार्यरत बताया जा रहा है।

# सरकारी भूमि पर चला प्रशासन का डंडा

■ हाईकोर्ट के आदेश पर हटाए गए अवैध निर्माण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय नैनीताल के कड़े आदेशों के बाद स्थानीय प्रशासन और सिंचाई विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की है। तहसील खटीमा के अंतर्गत ग्राम बरी अंजनिया में सरकारी गूल और नहर की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में ध्वस्त कर दिया गया है।

यह पूरी कार्रवाई उच्च न्यायालय में योजित वाद संख्या -1140 (डै 2026 ममता पाल बनाम उत्तराखंड राज्य) में जारी आदेशों के अनुपालन में की गई। बरी अंजनिया के खसरा नंबर 579 (रकबा 0.635 हेक्टेयर), जो राजस्व अभिलेखों में नहर के रूप में दर्ज है, उसके आंशिक हिस्से पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य कर अतिक्रमण किया गया था। सिंचाई विभाग द्वारा अतिक्रमणकारियों को 15 दिन के भीतर कब्जा हटाने का नोटिस दिया गया था, लेकिन तय समय सीमा में अतिक्रमण न हटाए जाने के बाद प्रशासन ने बलपूर्वक ध्वस्तीकरण की तिथि निर्धारित की थी। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीनों की मदद से खसरा नंबर 579 और खसरा नंबर 594/1 (रास्ते की भूमि) पर बने कई अवैध ढांचों को ढहा दिया गया। इनमें श्रीराम पुत्र बुद्धीराम का 12 वर्ग मीटर में बना शौचालय, रमेश पुत्र बीरबल व राजेश पुत्र बीरबल के 20-20 वर्ग मीटर में बने आंशिक मकान, लालचन्द पुत्र दासू का 4 वर्ग मीटर में बना शौचालय और रामचरण पुत्र राममूरत का 9 वर्ग मीटर में बना शौचालय टैंक शामिल है। इसके अलावा बृजेश पुत्र अशोक कुमार की 120 वर्ग मीटर में बनी बाउंड्रीवॉल व शौचालय, कमल पुत्र बनारसी का 72 वर्ग मीटर में बना शौचालय छप्पर, कमलेश पुत्र बनारसी का 7.70 वर्ग मीटर का आंशिक मकान और अशोक पुत्र बनारसी का 48.60 वर्ग मीटर में बना आंशिक मकान व शौचालय भी ध्वस्त किया गया। वहीं खसरा सं० 594/1 (रास्ते की भूमि) पर जीत बहादुर पुत्र टहलूरम द्वारा 12 वर्ग मीटर पर बोरिंग लगाकर बनाए गए टिन शेड को और अन्य कुछ लोगो को बना आंशिक मकान और शौचालय परी तरह खाली करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया।

कार्रवाई के दौरान मौके पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना अध्यक्ष खटीमा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा। टीम में संबंधित तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, उपनिरीक्षक, सिंचाई विभाग के अपर सहायक अभियंता, जिलेदार और ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मौजूद रहे। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य राजकीय भूमि और गूल को उसके मूल स्वरूप में वापस लाना है। प्रशासन ने कड़ी चेतावनी दी है कि दोबारा अतिक्रमण करने की को. शिश करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# महिला ने बीमारी से तंग आकर फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** शुक्रवार की रात्रि ट्रांजिट कैम्प वार्ड दो निवासी एक महिला ने पति की मौत के बाद से बीमारी से तंग होकर अपने आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानक. ारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम पिपलिया बहेड़ी निवासी परमेश्वरी लाल ने कुछ वर्ष पूर्व यहां ट्रांजिट कैम्प में अपना मकान बनाया था और पत्नी सहित दो पुत्रों व दो पुत्रियों के साथ रहता था। परि. जनों ने बताया कि वर्ष 2023 में परमेश्वरी लाल की मौत हो जाने के बाद से उसकी पत्नी माया देवी बीमार ही रहती थी। बड़ी पुत्री का विवाह हो गया था, जबकि पुत्र अजय व राजू तथा एक पुत्री साथ में रहते हैं। परिजनों का कहना है कि माया देवी ने शुक्रवार शाम दवा खाई थी और रात्रि करीब 9 बजे खाना खाने के बाद अपने कमरे में आराम करने चली गई थी। कुछ देर बाद जब उनके कमरे की ओर गये तो देखा वह फांसी के फंदे पर झूल रही हैं। उन्हे इस हालत में देख परिजनों में चीख पुकार शुरू हो गई। शोर की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग भी आ गए। जानक. ारी मिलने पर ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिसकर्मी वहां आ पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर माया देवी को फांसी से उतार कर जिला चिकित्सालय भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## एक नजर

# संत दर्शन सिंह महाराज की 37वीं बरसी पर हुआ भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सावन कृपाल रूहानी मिशन की रुद्रपुर शाखा की ओर से शनिवार को दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह महाराज के 37वें बरसी भंडारे के अवसर पर कृपाल आश्रम में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में एकत्रित भाई-बहनों ने उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।




इस अवसर पर संत राजिन्दर सिंह महाराज ने वीडियो द्वारा प्रसा. रित सत्संग में कहा कि दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह महाराज प्रेम और करुणा के महासागर थे। वो हमसे कहीं दूर नहीं गए बल्कि आज भी हमारे अंग-संग हैं। उनकी बेशुमार प्यार भरी यादें हमेशा हमारे साथ जुड़ी रहेंगी। उन्होंने आगे कहा कि संत दर्शन सिंह महाराज हमें समझाया करते थे कि हमें ये मनुष्य शरीर बड़े भागों से मिला है, इसका मुख्य ध्येय है अपने आपको जानना और पिता-परमेश्वर को पाना लेकिन इस माया की दुनिया में हम अलग-अलग धर्मों, संस्कृति और भाषाओं में फंसकर इसे भूल जाते हैं। संत दर्शन सिंह जी महाराज जैसे महापुरुष जब इस दुनिया में आते हैं तो वो हमें याद दिलाते हैं कि पिता-परमेश्वर कहीं बाहर नहीं बल्कि हमारे अंदर हैं। इस करके आत्मिक रूप से हम सब एक ही हैं।

# सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरिया मझोला में नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय श्भारतीय भाषा समर कैंप 2026श के चौथे दिन छात्र-छात्राओं को स्थानीय व पारंपरिक व्यंजनों के महत्व से रूबरू कराया गया। शिविर के चौथे दिन मुख्य संदर्भदाता महेंद्र प्रताप पाण्डेय और रमेश चंद्र तिवारी ने विद्यार्थियों को आधुनिक फास्ट फूड से दूर रहकर पौष्टिक खान-पान अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों को स्थानीय और स्वास्थ्यवर्धक भोजन जैसेख्र सत्तू का शरबत, पोहा, दही का पौष्टिक मिश्रण, बाटी-चोखा और खिचड़ी बनाने की पारंपरिक विधियों व उनके गुर सिखाए। इस दौरान विद्यालय परिसर में ही इन व्यंजनों को तैयार किया गया, जिसका उपस्थित सभी शिक्षकों और प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने मिलकर स्वाद लिया और भरपूर आनंद उठाया। संदर्भदाताओं ने बताया कि ये स्थानीय व्यंजन न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी हैं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा भी हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से भगवान चंद, दिनेश चंद्र शर्मा, रघुबर सिंह बिष्ट, शीला चंदेला, लक्ष्मी राना, पुष्पा देवी, रतन सिंह राना, अर्जुन चंद और हरीश सिंह कनवाल शामिल थे।

# बाजपुर में गहराया रसोई गैस संकट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ व्यवस्था सुधार की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बाजपुर।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था चरम. राने से आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच लोगों को कई-कई दिनों तक गैस एजेंसी के बाहर लंबी कतारों में खड़े रहने के बावजूद रसोई गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है।

रसोई गैस आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर नया सवेरा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समिति अध्यक्ष प्रमोद राजहंस तथा संरक्षक अरुण कुमार के नेतृत्व में शनिवार को उपजिलाधिकारी डॉ. अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि विभागीय अनियमितताओं और अव्यवस्था का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। समिति अध्यक्ष प्रमोद राजहंस ने कहा कि क्षेत्र में रसोई गैस की खुलेआम कालाबाजारी की जा रही है। उपभोक्ताओं को समय पर डीएसी कोड नहीं मिल रहे हैं और कई मामलों में कोड जारी होने के बाद भी उन्हें निरस्त कर दिया जाता है। इसके कारण लोगों को कई दिनों तक गैस सिलेंडर नहीं मिल पाता और उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उपजिलाधिकारी डॉ. अमृता शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को मामले की जांच कराकर गैस वितरण व्यवस्था को सुचारु करने का आश्वासन दिया। इस दौरान बाजपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश पाण्डेय, बंशीधर मिश्रा, यूसुफ अली, उस्मान, दीपू सागर, गौरव कुमार, विकल कुमार, एडवोकेट अजीम अहमद चौधरी, जफर तथा राजू वाल्मीकि सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम ने शिक्षकों को किया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** डिबडिबा, रामपुर के भानु प्रताप पब्लिक स्कूल ने 'हैप्पी क्लासरूम' (खुशहाल कक्षा) पर एक अत्यंत समृद्ध और परिवर्तनकारी सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के 78 शिक्षक सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को आनंदमय, सार्थक और छात्र-केंद्रित बनाने के अभिनव तरीकों को तलाशने के लिए एक साथ आए।

कार्यक्रम की शुरुआत उत्साह, सकारात्मकता और शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति एक साझा प्रतिबद्धता के माहौल में हुई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य महेश चंद्रा और मुख्य रिसोर्स पर्सन्स गरिमा भारतीय एवं रिया चंडोक अरोड़ा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य महेश चंद्रा द्वारा दोनों रिसोर्स पर्सन्स को बड़े ही प्रेम और कृतज्ञता के साथ हरे-भरे पौधे भेंट किए गए। प्रशिक्षण सत्रों का संच. ालन दो प्रख्यात शिक्षाविदों और सीबीएसई रिसोर्स पर्सन्स ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल, बरेली की प्रधानाचार्या गरिमा भारतीय और सेठ एमआरजयपुरिया स्कूल, बरेली की रिया चंडोक अरोड़ा द्वारा बेहद कुशलता से किया गया। दोनों विशेषज्ञों ने अपनी व्यावहारिक प्रस्तुतियों, गतिशील गतिविधियों, विचारोत्तेजक चर्चाओं और नवीन शिक्षण पद्धतियों से उपस्थित शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अनुभवात्मक अधिगम, सामूहिक कार्यों, चिंतनशील अभ्यासों, रोल प्ले (नाटक), विचार-मंथन सत्रों और संवादात्मक चर्चाओं के माध्यम से प्रतिभागियों ने खुशी-आधारित शिक्षा के सिद्धांतों के बारे में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्राप्त की। इस कार्यशाला का सुचारू समन्वय और संचालन भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के पीजीटी गणित अक्षय शर्मा द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य महेश चंद्रा के दूरदर्शी नेतृत्व के लिए प्रतिभागियों द्वारा व्यक्त की गई अत्यधिक सराहना रही। कार्यक्रम के दौरान, शिक्षकों ने शैक्षिक उत्कृष्टता और पेशेवर विकास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को बार-बार रेखांकित किया।

# लंबे समय से फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर द्वारा फरार अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान / आपरेशन प्रहार के तहत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर राज. श पाण्डेय के नेतृत्व में कोतवाली जसपुर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए लम्बे समय से फरार चल रहे वारंटी विवेकानंद शर्मा उर्फ सोनू पुत्र फकीर चंद निवासी पूरनपुर जसपुर हाल निवासी ठाकुरद्वारा मुरादाबाद को ठाकुरद्वारा मुरादाबाद क्षेत्र से दिनांक 29/05/26 को गिरफ्तार किया गया है, वारंटी के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किए हुए थे। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संतोष देवरानी, का.अशोक पवार, दीपक जलाल आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# अवैध देशी तमंचा व कारतूस के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने कोतवाल सुशील कुमार के नेतृत्व में ऑपरेशन प्रहार व ऑपरेशन लगाम के तहत रामनगर में अभियान चलाया गया। अभियान के तहत एक व्यक्ति को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है।

कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान वन निगम ग्राउंड गुल्लरघट्टी रामनगर में ताहिर पुत्र हसनैन निवासी कनोरी थाना बाजपुर ऊधमसिंह नगर को एक अदद 12 बोर को देशी तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया।कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है। इस दौरान गिरफ्तारी टीम में एसआई सोमेंद्र सिंह, कांस्टेबल गगन भंडारी, कांस्टेबल अमित कुमार शामिल रहे।

# राज्यव्यापी हाथी गणना कार्यक्रम संचालित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखण्ड राज्य में हाथियों की आबादी, वितरण एवं उनके आवागमन क्षेत्रों के वैज्ञानिक आकलन के लिए वन विभाग एवं भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा 20 मई से 05 जून तक राज्यव्यापी हाथी गणना कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य के सफल बनाने के लिए कार्बेट टाइगर रिजर्व में भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा कार्बेट टाइगर रिजर्व के सभी रेंज में शोधकर्ताओं की टीम द्वारा वन कर्मियों का उक्त गणना कार्य में सहयोग किया जा रहा है।हाथी गणना कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा, गणना प्रक्रिया के वैज्ञानिक एवं मानक अनुरूप संच. ालन के विश्लेषण के उद्देश्य से शनिवार को विवेक पाण्डे अपर प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव), उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विभिन्न वन प्रभाग के साथ बैठक में वर्तमान हाथी गणना की कार्यप्रणाली, प्रगति एवं फील्ड स्तर पर किए जा रहे कार्यों का परीक्षण किया गया। विवेक पाण्डे अपर प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव), उत्तराखण्ड द्वारा गणना कार्य में संलग्न अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधकर्ताओं को गणना कार्य को निर्धारित वैज्ञानिक मानकों एवं प्रोटोकॉल के अनुसार कार्य किए जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। इस दौरान बैठक में कॉर्बेट के डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा, डीएफओ प्रकाश चन्द्र आर्या, ध्रुव सिंह मर्तोलिया, बिन्दर पाल, अमित कुमार ग्वासीकोटी, एसडीओ कामिनी आर्य, मुकेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

# ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की तिथि तथा द्वितीय सेमेस्टर में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन फार्म की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर प्राचार्य के माध्यम से कुलपति को एक विज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन के मुताबिक आवेदन की तिथि समाप्त होने के कारण अब अतिरिक्त शुल्क लगाया जा रहा है जिससे छात्र-छात्राएं काफी परेशान हैं। परिषद ने कहा कि छात्र हित में उचित निर्णय लेते हुए आवेदन की तिथि को बढ़ाया जाए। यहां नीरज सिंह धामी, धीरज कन्याल, रोहित जोशी, घनश्याम राणा, सचिव सचिन सामंत तथा रेखा आदि मौजूद रहे।

# गैस न देने पर महिला से हाथापाई का आरोप, कोतवाली में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम बन्नाखेड़ा निवासी एक महिला ने गैस वितरण करने आए कर्मचारी पर गैस न देने तथा हाथापाई करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली बाजपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को दी गई तहरीर में सरवती पत्नी गंगाराम निवासी ग्राम बन्नाखेड़ा ने बताया कि 30 मई को दोपहर करीब एक बजे गांव में गैस वितरण के लिए एजेंसी का वाहन पहुंचा था। आरोप है कि कई स्थानों पर गैस वितरण करने के बाद जब उन्होंने गैस सिलेंडर मांगा तो कर्मचारी हीरालाल ने गैस देने से इनकार कर दिया और बाजपुर से गैस लेने की बात कही।

महिला का कहना है कि उसने कर्मचारी को बताया कि उसे पिछले चार माह से गैस नहीं मिली है और उसे गैस उपलब्ध कराई जाए। आरा. ेप है कि इस बात को लेकर कर्मचारी ने उसके तथा उसके पति गंगाराम के साथ हाथापाई की और मारपीट पर उतारू हो गया। इसके बाद वह गैस वाहन लेकर बाजपुर लौट गया। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पत्रकारिता दिवस पर व्यापार मंडल ने किया पत्रकारों को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जसपुर के व्यापार मंडल पदाधिकारी/व्यापारियों ने अग्रवाल सभा में समस्त पत्रकारों को सम्मानित किया।



इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह ने बताया कि यह दिन पत्रकारों के सम्मान के लिए है जो आम जनता के लिए धूप छांव दिन रात निस्वार्थ भावना से कार्य कर सत्य की खोज करते हैं जिन्हें अपने शब्दों में जनता के बीच पहुंचाने का कार्य पत्रकारों द्वारा ही किया जाता है इनके कार्यों से समाज को अनेको प्रकार से लाभ मिलता है ऐसे में व्यापार मंडल और व्यापारियों ने मिलकर यह तय किया पत्रकारों को सम्मान देकर उनके कार्यों की सराहना की जाए। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष हरिओम सिंह,महामंत्री विपुल,विमल अग्रवाल,कोषाध्यक्ष अर्पित रस्तोगी, राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष व व्यापारी नेता निकेश अग्रवाल, राजाराम राजपूत,सुनील,संजय राजपूत,सतीश अरोरा, त्रिलोक अरोरा, अवलोक जैन,आलोक गोयल, मुहम्मद यामीन,नरेश कुमार, हरीश रेडीमेड बाले,नीरज अरोरा,समेत दर्जनों की संख्या में व्यापारी मौजूद रहे व्यापारियों द्वारा पत्रकार आलम रजा शहजाद सिद्दीकी,अशोक सिद्धू, समीर पररू,शरीफ खान,विपिन कुमार कमल गिरी,विभदेश कौशिक,रईस अहमद, प्रदीप श्रीवास्तव,विजय जोशी,अजय सागर,एस पी सिंह, पराग अग्रवाल,मुनेश चौहान समेत दर्जनों की संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब के सदस्यों ने एसी एम्बुलेंस खरीदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रोटरी क्लब आफ रामनगर (कार्बेट सिटी) द्वारा अपने ही सदस्यों के एकत्र किए धन से एक एसी एम्बुलेंस खरीदी गई,जिसका लोकार्पण पूर्व डीजी देवेन्द्र अग्रवाल ने किया। विशिष्ट अतिथि पवन अग्रवाल रहे। अतिथियों ने रामनगर रोटरी के कार्यों की प्रशंसा की और उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि रामनगर सिविल हॉस्पिटल की कुछ न

कुछ जरुरतों को रोटरी क्लब के माध्यम से पूरा किया जायेगा। इस अवसर पर रामनगर रोटरी के अध्यक्ष राजीव मित्तल,सचिव उमेश अग्रवाल ने काशीपुर से आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।रामनगर रोटरी परिवार का एंबुलेंस के लिए दी गई राशि के लिए आभार प्रकट किया।इसके अलावा अमित गोयल का भी आभार जताया, जिन्होंने ने एक विशेष राशि अपने पिता दिवंगत दिनेश गोयल की स्मृति में प्रदान की।कार्यक्रम का संचालन राजीव अग्रवाल ने किया। इस दौरान दिनेश मेहरोत्रा, अरविंद सिंघल आदर्श सिंघल मधुपगोयल,अतुल अग्रवाल राजीव मित्तल,राजन अग्रवाल, अमित गोयल, राकेश जिन्दल, बिबेक बंसल, अनिल अरोरा, जितेन्द्र अरोरा, सर्वेश मित्तल, बिकास अग्रवाल, अनूप सर्राफ, सचिन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने किया तीन दुकानों में हुई चोरी का खुलासा

## पीलीभीत के दो शातिर दबोचे, ए-ग्रेड का हिस्ट्रीशीटर भी शामिल

■ चोरी की रकम से खेलते थे ऑनलाइन गेम और करते थे नशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर कोतवाली पुलिस ने लगाम लगाते हुए एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक, मोबाइल और जनरल स्टोर में हुई नकबजनी की तीन बड़ी वारदातों का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 3,29,700 रुपये नगद, एक मोबाइल फोन, बैंक चेकबुक और चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद किए गए हैं। पकड़ा गया एक आरोपी पीलीभीत के नूरिया थाने का श्रेणी-ए का हिस्ट्रीशीटर है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती 18/19 मई की रात खटीमा के मेलाघाट रोड पर स्थित गौरी कम्यूनिकेशन (मोबाइल दुकान), मैसर्स किसान लाल जनरल स्टोर और मैसर्स संजय इलेक्ट्रॉनिक्स की दुक. ानों की छत काटकर और दीवारें तोड़कर नकदी व सामान चोरी कर लिया गया था।

गौरी कम्यूनिकेशन के मालिक गौरी शंकर अग्रवाल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीमों ने खटीमा, नूरिया, पीलीभीत, बरेली, बदायूं और जयपुर तक के लगभग 250 से 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सोशल मीडिया और मोबाइल सर्विलांस की मदद से संदिग्धों की पहचान की गई। बीती शाम मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने खटीमा मंडी के पीछे रेलवे पटरी के किनारे झाड़ियों से दोनों अभियुक्तों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जैनुल आवेदीन निवासी नूरिया (पीलीभीत) और प्रवेश सक्सेना उर्फ पुष्पा निवासी बरखेड़ा (पीलीभीत) के रूप में हुई है। आरा. ेपी जैनुल आवेदीन के खिलाफ पहले से ही उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में चोरी और आर्म्स एक्ट के 11 मामले दर्ज हैं। पुलिस की पूछताछ में आरो. पियों ने कबूला कि उन्होंने चोरी के बाकी बचे पैसे ऑनलाइन गेम में हारने, घूमने-फिरने और नशेबाजी में खर्च कर दिए।

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 3,29,700 रुपये नगद, 20 हजार रुपये की कीमत का मोबाइल, 4 ब्लैंक चेक और चोरी में इस्तेमाल होने वाला लोहे का हथौड़ा व छैनी बरामद की है। पुलिस दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर रही है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विजेन्द्र शाह, एसएसआई केसी आर्या, उपनिरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, अशोक काण्डपाल, भूपेन्द्र सिंह रंसवाल, विजय सिंह और एसओजी रुद्रपुर के तकनीकी एक्सपर्ट भूपेन्द्र आर्या सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# रुद्रपुर को मिली पशु शव दाह गृह की सौगात

■ महापौर विकास शर्मा की मांग पर मुख्य सचिव ने किए 1.45 करोड़ स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** रुद्रपुर के महापौर विकास शर्मा के प्रयासों से शासन ने शहर में आधुनिक पशु शव दाह गृह निर्माण के लिए 145.83 लाख रुपये की परियोजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। योजना के तहत गैस बेस्ड इनसिनरेटर स्थापित किया जाएगा। जिसके माध्यम से मृत पशुओं के शवों का वैज्ञानिक, सुरक्षित और पर्यावरण अनुक. ूल तरीके से निस्तारण किया जा सकेगा। यह महत्वपूर्ण स्वीकृति मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में आयोजित स्टेट पावर्ड कमेटी की बैठक में प्रदान की गई।

बैठक में रिंग फेंस्ड अकाउंट से विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया तथा संबंधित विभागों द्वारा परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। समिति ने रुद्रपुर, हल्द्वानी और हरिद्वार नगर निगम क्षेत्रों में मृत पशुओं के शवों के समुचित निस्तारण के लिए गैस बेस्ड इनसिनरेटर स्थापित करने की योजनाओं को मंजूरी दी। इनमें रुद्रपुर नगर निगम के लिए 145.83 लाख रुपये की परियोजना को स्वीकृति दी गई है।

महापौर विकास शर्मा ने कहा कि लंबे समय से शहर में मृत पशुओं के निस्तारण की आधुनिक व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

वर्तमान व्यवस्था में कई बार मृत पशुओं के शवों के निस्तारण में व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जिससे स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होने के साथ-साथ संक्रमण और दुर्गंध की समस्या भी उत्पन्न होती थी। अब इस परियोजना के धरातल पर उतरने के बाद इन समस्याओं का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि गैस बेस्ड इनसिनरेटर की स्थापना के बाद पशु शवों का त्वरित और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा सकेगा, जिससे शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# बेरोजगारी और महंगे पेट्रोल-डीजल के खिलाफ प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** देश में लगातार बढ़ती बेरोजगारी और आसमान छूते पेट्रोल-डीजल के दामों के खिलाफ युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मालधन स्थित एक पेट्रोल पंप पर अनोखा प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के नेताओं ने पेट्रोल पंप पर आने वाले उपभोक्ताओं और स्थानीय लोगों को श्मेलोडी टॉफीश बांटकर केंद्र सरकार की नीतियों के प्रति अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया।

कार्यक्रम का नेतृत्व युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुमित लोहनी और मालधन ब्लॉक अध्यक्ष नितिन शाह ने संयुक्त रूप से किया।घ्केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने का प्रयास कर रही है। एक तरफ देश का आम नागरिक और युवा महंगाई व बेरोजगारी से त्रस्त है, वहीं दूसरी तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता को राहत देने के बजाय 'मेलोडी टॉफी' जैसे खोखले वादे गिफ्ट कर रहे हैं। आज देश के युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी और ईंधन के बढ़ते दामों को लेकर भारी आक्रोश है। इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुमित लोहनी, नितिन शाह, संजय शेखर, दीपक रावत, अमित कुमार, चंडी प्रसाद, गौरव कुमार, तनुज टम्टा, दीपक राणा, सुमित कुमार,हैप्पी सिंह, ऋषि शाह, अंकित शाह आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों के चलते बुजुर्ग ने लगा ली फांसी

■ सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** अज्ञात कारणों के चलते बुजुर्ग ने घर के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला को खत्म कर लिया।

शनिवार को नानकसागर डाम पर स्थित ग्राम चेतुआखेड़ा निवासी 84 वर्षीय इन्द्र बहादुर पुत्र पंचम सिंह ने घर के कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बता दें कि स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार 84 वर्षीय इन्द्र बहादुर काफी समय से बीमारी से ग्रसित थे, जिन्हें परिवार के लोग अक्सर इलाज के लिए गांव से शहर लाते थे।

बताया कि शनिवार की सुबह इन्द्र बहादुर परिवार के लोगों को घर में दिखाई नहीं दिए तो उन्होंने इधर उधर देख गया तो उनके कमरे के बाहर जूते रखे दिखाई दिए। परिवार के लोगों ने जब घर के कमरे में आकर देखा तो वह कमरे में फांसी के फन्दे में लटके हुए मिले। परिवार के लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फांसी के फन्दे में लटके शव को उतार कर उसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के पांच पुत्र हैं, जो गांव में ही अपने-अपने परिवारों के साथ रहते हैं।

# जल संकट से निपटने की बड़ी तैयारी

■ डीएम ने दिए धारे-नौलों के पुनर्जीवन और नदी संरक्षण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जनपद के प्राकृतिक जल स्रोतों को बचाने और सूखते धारे-नौलों को नया जीवन देने की दिशा में प्रशासन ने कदम तेज कर दिए हैं।

जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित स्प्रिंग एंड रिवर रीजुवेनेशन अथॉरिटी (सारा) की समीक्षा बैठक में जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन से जुड़ी योजनाओं की प्रगति का गहन आकलन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने डिप्टेश्वर, गौड़ी नदी और कालसन-भोलेश्वर जल संरक्षण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है।

डीएम ने कालसन-भोलेश्वर परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत धनरा. शि का पूर्ण और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही डिप्टेश्वर क्षेत्र में छोटे-छोटे चेकडैम बनाकर वर्षाजल संचयन को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने को कहा। चौकुनीबोरा, राकड़ीफूलारा, मुड़ियानी और खर्ककार्की क्षेत्रों में चल रहे संरक्षण कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए गए। लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता विमल कुमार सूंठा ने बताया कि परियोजना की प्रथम चरण की डीपीआर को राज्य स्तर से स्वीकृति मिल चुकी है और इसके क्रियान्वयन के लिए 103.02 लाख रुपये की धनराशि भी जारी कर दी गई है। लघु सिंचाई, ग्राम्य विकास एवं वन विभाग के संयुक्त प्रयासों से अब परियोजना के कार्य धरातल पर शुरू किए जाएंगे।

कालसन-भोलेश्वर परियोजना के अंतर्गत जल संरक्षण को मजबूत बनाने के लिए 22 परकोलेशन टैंक तैयार किए गए हैं। इसके अलावा पहाड़ी ढलानों पर पानी के बहाव को नियंत्रित कर भूजल स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से लगभग 34 हजार रनिंग मीटर लंबाई की 12 हजार कंटूर ट्रेंच का निर्माण किया जा रहा है। बैठक में अपर जिलाधिकारी कृष्ण नाथ गोस्वामी, अधिशासी अभियंता विमल कुमार सूंठा, एसडीओ वन सुनील कुमार, जिला उद्यान अधिकारी मोहित मल्ली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज (राइका) सिप्टी में प्रधानाचार्य सामश्रवा आर्य के नेतृत्व तथा वरिष्ठ प्रवक्ता डा. एमपी जोशी के संचालन में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं के बीच पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन कर तंबाकू, नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।



कार्यक्रम के अंतर्गत "नशा हटाओ-जीवन बचाओ" अभियान के तहत शराब एवं मांस का पूर्ण त्याग कर स्वयं तथा अपने परिवार को भी इस सामा. जिक बुराई से दूर रखने वाले सिप्टी क्षेत्र के कोयाटी-सैंदर्क निवासी इंद्र सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अभियान के संयोजक एवं प्रवक्ता सामश्रवा आर्य ने उन्हें प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं उपहार भेंट कर समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर जिला तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल प्रभारी ममता मिश्रा तथा प्रोग्राम मैनेजर प्रेम वल्लभ भट्ट सहित विद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों ने छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य सामश्रवा आर्य ने कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

### पालिकाध्यक्ष ने मुकरान नाले की सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने शनिवार को वार्ड संख्या 16 में पिटकुल के समीप बहने वाली मुकरान नाले की सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। इसके उपरांत बंगाली कॉलोनी क्षेत्र में सड़क की स्थिति का भी निरीक्षण किया और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने क्षेत्र वासियों को आश्वस्त किया कि नगर पालिका परिषद खटीमा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर भाजपा नेता संजय, सभासद पति विजय कुमार, मुस्तफा अली, टीकाराम तथा अनिल आदि मौजूद रहे।

### यूकेडी अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने नारायण लाल वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के जनपद पिथौरागढ़ के अध्यक्ष पद पर डीआरडीए से सेवानिवृत्त कर्मचारी नेता नारायण लाल वर्मा को मनोनीत किया है। उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी ने नारायण लाल वर्मा को जनपद पिथौरागढ़ का अध्यक्ष नामित किया है। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि नारायण लाल वर्मा डीआरडीए कर्मचारी संघ के लगातार 20 वर्षों तक अध्यक्ष रहे। अन्य कर्मचारी संगठनों में भी उनके द्वारा कार्य किया गया। उन्होंने उत्तराखंड राज्य आंदोलन में अग्रिम पंक्ति में रहकर नेतृत्व किया। नारायण लाल वर्मा ने कहा कि वह जनपद में उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ को मजबूत करेंगे साथ ही साथ दल को भी मजबूत करेंगे। नारायण लाल वर्मा के अध्यक्ष बनने पर संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह, संगठन के कुमाऊं मंडल महामंत्री नीरज जोशी, एचएस मेहता, कंचन चंदोला, उम्मेद सिंह बिष्ट, पंकज सिंह मुनोला, सुरेंद्र कुकरेती, काशी सिंह ऐरी, चंद्रशेखर कापड़ी, जनार्दन उप्रेती, चंद्रशेखर पुनेडा, राम सिंह सहित दल के पदाधिकारीयों ने बधाई दी है।



### मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु हमारे मेहमान: डीएम

■ रीठा साहिब जोड़ मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

■ डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** विश्व प्रसिद्ध गुरुद्वारा श्रीरीठासाहिब में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक जोड़ मेले के दूसरे एवं मुख्य दिवस पर आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। अनुमानित डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गुरु घर में मत्था टेककर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा मीठे रीठे के दर्शन कर अपनी मनौतियां मांगीं। देश-विद. श से पहुंची सिख संगत के कारण पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, सेवा और भक्ति का अद्भुत वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला देर शाम तक लगातार जारी रहा। मुख्य दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के जिलाधिकारी मनीष कुमार ने मेले का विस्तृत भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दरबार साहिब में मत्था टेककर जनपदवासियों की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर दिल्ली के प्रख्यात कार सेवा प्रमुख बाबा बच्चन सिंह, दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रमुख बाबा सुरेंद्र सिंह, गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब के बाबा रविंद्र सिंह, गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब के प्रबंधक बाबा श्याम सिंह, जोगिंदर सिंह, अमनजीत सिंह, गुरवंत सिंह सोनी, जसकरण सिंह, अवतार सिंह तथा ट्रस्टी अजीत सिंह, बाबा सुरेंद्र सिंह, गुरजंट सिंह, अजीत पाल सिंह आदि थे।



### युवक से मारपीट कर नकदी, मोबाइल व बाइक लूटने का आरोप, तहरीर देकर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम रतनपुरा निवासी एक युवक ने कुछ लोगों पर मारपीट कर नकदी, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल लूटने का आरोप लगाते हुए कोतवाली बाजपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को दी तहरीर में राहुल सिंह पुत्र निवासी रतनपुरा ने बताया कि 29 मई की शाम करीब साढ़े सात बजे वह अपनी बहन को शीशमघाट से लेकर घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही कुछ लोगों ने अपने अन्य साथियों के साथ उसे तथा उसके भांजे शिव कुमार और सचिन को रोक लिया। राहुल का आरोप है कि आरो. पियों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की तथा तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपियों ने फायरिंग भी की और लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। तहरीर के अनुसार आरोपियों ने राहुल सिंह से 40 हजार रुपये तथा उसके भांजे शिव कुमार से 55 हजार रुपये छीन लिए। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गए।



पीड़ित ने आरोप लगाया कि जाते समय आरोपी भविष्य में सामने आने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। राहुल सिंह ने नामजद आरोपियों समेत अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मेडिकल स्टोरों पर छापा, एक पर बिक्री पर रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**टनकपुर।** जनपद चम्पावत के टनकपुर क्षेत्र में शनिवार को 'सुरक्षित दवा-सुरक्षित जीवन अभियान' के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं औषधि नियंत्रण विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न मेडिकल प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। अभियान का नेतृत्व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के छह मेडिकल प्रतिष्ठानों की जांच की गई। टीम ने मेडिकल स्टोरों में सीसीटीवी व्यवस्था, दवाओं के उचित तापमान पर भंडारण, लाइसेंस की शर्तों के अनुपालन तथा औषधियों के क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेखों की गहन जांच की। जांच के दौरान एक मेडिकल प्रतिष्ठान पर पंजीकृत फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाया गया। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए संबंधित फर्म के दैनिक क्रय-विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई। वहीं दो अन्य मेडिकल प्रतिष्ठानों में औषधियों के क्रय-विक्रय का उचित सत्यापन नहीं मिलने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए पांच दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

अभियान के दौरान फर्म संचालकों को मानस पोर्टल की जानकारी देने के साथ ही ष्नशा मुक्त भारत अभियानष के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही मानस पोर्टल एवं टोल फ्री नंबर 1933 के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण टीम में औषधि निरीक्षक हर्षिता, अधिकार मित्र अमित कुमार, राधिका अधिकारी, किरन जोशी एवं अन्य अधिकारी शामिल रहे।

# नोडल अधिकारी ने किया संपर्क मार्गों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**टनकपुर।** जनपद चंपावत के ग्राम पंचायत मनिहारगोठ क्षेत्र में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी एवं विकासवादी नेतृत्व में लगातार ऐतिहासिक विकास कार्य धरातल पर उतर रहे हैं। अल्पसंख्यक विकास निधि के अंतर्गत लगभग 1 करोड़ 30 लाख 80 हजार की लागत से विभिन्न संपर्क मार्गों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है, जिससे वर्षों से बदहाल सड़कों और आवागमन की समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलने जा रही है।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल ने क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का उद्देश्य प्रदेश के अंतिम छोर तक विकास पहुंचाना है और सरकार गांव-गांव सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। मनिहारगोठ क्षेत्र में चल रहे ये विकास कार्य उसी सोच और संकल्प का परिणाम हैं।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा चंपावत मुवशिर अली (गोलू), ग्राम प्रधान मनिहारगोठ शहाना खातून सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# ग्रीष्मकालीन समर कैंप का संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर में आयोजित ग्रीष्मकालीन समर कैंप, थीम 'खेलोगे तो खिलोगे' का समापन समारोह हर्ष, उत्साह एवं भावनात्मक वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ जितेन्द्र सिंह अधिकारी (एचआर हेड, वोल्टास), प्रशांत (क्वालिटी हेड, वोल्टास) तथा विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर, वाइस चेयरमैन हरमन सिंह ग्रोवर एवं प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

समर कैंप 2026-27 के लिए देश के विभिन्न राज्यों से अपने-अपने क्षेत्र के अनुभवी एवं विशेषज्ञ प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया गया था। ब्रेन कोडिंग हेतु प्रिंस एवं शिवम, रेजिन आर्ट हेतु गगनदीप सिंह एवं दलजींदर कौर, अबेकस एवं वैदिक गणित हेतु रचना एवं सुनीता, ग्रूमिंग हेतु अजीता एवं वंश बंगा, एयरोमॉडलिंग हेतु वामसीधर रेड्डी, रोशन कुमार एवं तरुण पवार, एआई एवं रोबोटिक्स हेतु रूपिंदर सिंह, फोटोग्राफी हेतु गगन मक्कड़, आर्ट एंड क्राफ्ट हेतु कुसुम पांडे, कुलिन. री आर्ट हेतु निमिषा, बुके एवं हैम्पर डेकोरेशन हेतु स्वाति अरोड़ा तथा एडवेंचर एवं हॉट एयर बैलून गति. विधियों हेतु गौरव भाकुनी एवं श्रीकुंदन रावत को आमंत्रित किया गया था।

समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने केवल विभिन्न कलाओं एवं गति. विधियों का प्रशिक्षण ही प्राप्त नहीं किया, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना जैसे महत्वपूर्ण जीवन मूल्यों को भी आत्मसात किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा संसाधन व्यक्तियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# ईद-उल-अजहा पर पेश इमामों का सम्मान

■ मस्जिदों के विकास कार्यों का मिला आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** जनपद चंपावत के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जिलाधिकारी मनीष कुमार द्वारा तहसील प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसके तहत मुस्लिम समाज के पेश इमामों को सम्मानित किया गया। प्रशासन की ओर से सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश देते हुए इमामों को सम्मान स्वरूप अभिनंदन भेंट किया गया।



कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि दीपक चंद्र, तहसीलदार पिंकी आर्या, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री अमजद भाई, जिला अध्यक्ष मुवशिर अली "गोलू" सहित तमाम जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी और आपसी एकता बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर बनबसा क्षेत्र के पेश इमाम मोहम्मद तोहिद ग्राम पंचायत मनिहारगोठ जामा मस्जिद के मुफ्ती मजिद. उररहमान एवं नगर क्षेत्र के इमाम अब्दुल करीम और मोहम्मद एजाज को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि धार्मिक गुरुओं की समाज में भाईचारा, शांति और सौहार्द बनाए रखने में अहम भूमिका रहती है। कार्यक्रम के दौरान मस्जिद कमेटी द्वारा मस्जिदों में चल रहे तामीर एवं विकास कार्यों से संबंधित विभिन्न मांगें प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखी गईं। जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का आश्वासन दिया।

# मनिहारगोठ में गरजा संगठन का शंखनाद

■ प्रशिक्षण महा अभियान में कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**टनकपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत शक्ति केंद्र मनिहारगोठ में आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं का जोश और संगठन के प्रति समर्पण खुलकर देखने को मिला। बैठक की अध्यक्षता शक्ति केंद्र संयोजक अमजद हुसैन ने की, जबकि संचालन शक्ति केंद्र प्रभारी हरीश कलोनी ने दमदार अंदाज में किया।

बैठक में मुख्य वक्ता हरिश चंद हैसियत ने भाजपा के संघर्षमय इतिहास को याद करते हुए कहा कि यह पार्टी सत्ता के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा और विचारधारा के लिए बनी है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और बलिदान ने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाया है। उन्होंने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आज देश विकास, राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृत्व की राह पर आगे बढ़ रहा है, जबकि विपक्ष केवल भ्रम और राजनीति फैलाने में जुटा है। जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मुवशिर अली ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हर घर तक सरकार की उपलब्धियां पहुंचाकर विपक्ष के झूठ का जवाब दें। इस अवसर पर रिजवान हुसैन, समीर अहमद, जावेद अली, गुरु पांडे, मोहम्मद अमीन, नसीब हुसैन, नजीर हुसैन, इम्तियाज हुसैन, अकबर हुसैन, शाहिद अली, मोहम्मद मोहसिन, फखरुद्दीन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मंडी समिति के फड़ कारोबारियों से मांगे 15-15 लाख

■ फड़ कारोबारी पहुंचे विधायक के पास, दी सख्त चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मंडी समिति क्षेत्र में पिछले 25 से 30 वर्षों से अपना रोजगार कर रहे फड़ कारोबारियों के सामने इन दिनों गंभीर संकट खड़ा हो गया है। कारोबारियों ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों द्वारा उन्हें उनकी वर्षों पुरानी कार्यस्थली से हटाने का दबाव बनाया जा रहा है तथा प्रत्येक कारोबारी से 15-15 लाख रुपये की कथित मांग की गई है। इस पूरे मामले ने मंडी क्षेत्र में तनाव का माहौल पैदा कर दिया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए बड़ी संख्या में फड़ कारोबारी विधायक शिव अरोड़ा के कार्यालय पहुंचे और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। व्यापारियों ने विधायक के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि वे दशकों से मंडी समिति में वैध रूप से अपना रोजगार चला रहे हैं और आज उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा कर दिया गया है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कुछ प्रभावशाली तत्वों द्वारा धन उगाही और दबाव की राजनीति की जा रही है। व्यापारियों की शिकायत सुनने के बाद विधायक ने मामले को गंभीरता से लिया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि उत्तराखंड में किसी भी प्रकार की भू-माफिया प्रवृत्ति, अवैध वसूली, दबंगई या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंडी समिति के फड़ कारोबारियों ने सामूहिक रूप से हस्ताक्षरित एक प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को सौंपा है।

# भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन उत्सव का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**लोहाघाट।** जूनियर हाईस्कूल फोर्ती में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन उत्सव के चतुर्थ दिवस स्थानीय फलों, सब्जियों और भोजन को विभिन्न भाषाओं में बोलने की गति. विधि आयोजित की गई।

प्रधानाध्यापक लक्ष्मण सिंह मेहता के दिशा निर्देशन में माह के अन्तिम शनिवार होने के कारण प्रतिभा दिवस की विभिन्न गति. विधियां आयोजित की गई। चित्रकला में स्थानीय फलों और सब्जियों का पैंसिल छाया चित्रण किया गया। इसमें कविता, निशा, पार्श्वी एवं दिव्या चौबे का कार्य सराहनीय रहा। भाषा की उपयोगिता विषय पर निबंध लेखन में चित्रा, दिव्या, रवि जोशी प्रथम तीन, स्थानों पर रहे। गणित क्लब का गठन करते हुए चित्रा, रवि, कविता, प्रियांशु एवं ज्योति को जिम्मेदारी दी गई। आज का बैगलैस डे अभिव्यक्ति की क्षमता, रचनात्मकता और मौलिकता के विकास के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने वाला रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। 31 मई, (रविवार) को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में आज तम्बाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा तम्बाकू निषेध शपथ दिलाई गयी।

# गैस वितरण के दौरान कर्मचारियों से मारपीट व धमकी का आरोप, कोतवाली में तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** यादव गैस एजेंसी के एक कर्मचारी ने गैस वितरण के दौरान कुछ लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज और गैस वाहन में आग लगाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दी गई तहरीर के अनुसार 30 मई को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे यादव गैस एजेंसी का गैस वाहन बन्नाखेड़ा स्थित चंद्रपाल कॉलोनी के सामने मुख्य मार्ग पर गैस सिलेंडर वितरित कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान चंद्रपाल, गंगाराम और एक महिला लाइन तोड़कर गैस वाहन के पास पहुंच गए और तत्काल गैस देने का दबाव बनाने लगे। कर्मचारी ने बताया कि लाइन में लगे उपभोक्ताओं को पहले गैस देने की बात कहने पर तीनों आरोपी भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। आरोप है कि उन्होंने गैस वितरण बंद कराने तथा गैस नहीं देने पर वाहन में आग लगाने की धमकी भी दी। तहरीर में कहा गया है कि स्थिति बिगड़ने पर कर्मचारी और वाहन चालक अपनी जान बचाकर वहां से निकल गए। पीड़ित हीरालाल पुत्र रामचरन निवासी बन्नाखेड़ा ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# नैनीताल जनपद की झीलों का होगा पुनर्विकास

## आवास एवं राज्य सम्पत्ति सचिव डा. आर राजेश ने किया विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड शासन के आवास एवं राज्य संपति विभाग के सचिव डा. आर राजेश कुमार ने शनिवार को नैनीताल जिले में विभिन्न विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान झीलों के पुनर्विकास, पर्यटन सुविधाओं के विस्तार एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु संचालित एवं प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया गया। इस दौरान भीमताल झील के पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण हेतु लगभग 25.67 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई। इस योजना के अंतर्गत झील के आसपास स्थित प्रमुख पार्कों का पुनर्विकास, दीनदयाल पार्क के समीप बोटिंग डॉक का विकास, झील



किनारे 4210 मीटर लंबा कॉबल स्टोन पैदल मार्ग, उद्यानों का सौंदर्यीकरण, पार्किंग व्यवस्था में सुधार, सोलर स्ट्रीट लाइटिंग एवं स्ट्रीट फर्नीचर की स्थापना जैसे कार्य प्रस्तावित हैं। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा इन सभी कार्यों को प्रस्तावित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिका. रियों को दिए गए जबकि नौकुचियाताल झील के सौंदर्यीकरण हेतु लगभग 20.97 करोड़ की योजना के अंतर्गत बोटिंग स्टैंड, प्रतीक्षालय एवं टिकट काउंटर, पार्किंग सुविधा, फ्लोटिंग जेट्ट तथा 2089 मीटर लंबा पैदल मार्ग, गज़ीबो निर्माण, व्यूपॉइंट्स, लैंडस्केपिंग एवं सोलर लाइटिंग जैसी सुविधाओं का विकास प्रस्तावित है। कमलताल क्षेत्र में ओपन शॉपिंग सेंटर 50 मीटर लंबा पैदल पुल, 100 मीटर पैदल मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, सोलर लाइटिंग एवं लैंडस्केपिंग जैसे कार्य प्रस्तावित हैं। इसके साथ ही भवाली में लकड़ी टाल क्षेत्र में मल्टीलेवल कार पार्किंग एवं व्यावसायिक कॉम्प्लेप्स का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

इस परियोजना में बेसमेंट में पार्किंग तथा भूतल एवं प्रथम तल पर लगभग 40 दुकानों का निर्माण प्रस्तावित है। कार्य की प्रगति लगभग 96 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है और पूर्ण होने पर यहां 124 वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा मुहैया होगी। अधिकारियों को शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में सरोवर पार्किंग निर्माण हेतु लगभग 42.77 करोड़ की परियोजना स्वीकृत है जिसके अंतर्गत 605 चार पहिया एवं 202 दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा विक. सित की जाएगी।

इसके अतिरिक्त नैनीताल क्लब के समीप नगर पालिका भूमि पर ऑटोमेटेड पार्किंग हेतु 30.43 करोड़ की परियोजना प्रस्तावित है जिससे 202 चार पहिया एवं 96 दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा मुहैया होगी। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं निर्धारित समयसीमा के अनुरूप पूर्ण किया जाए। नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग स्थित अशोक पार्किंग स्थल का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया गया कि पूर्व में स्वीकृत धनराशि का उपयोग करते हुए पार्किंग निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाए ताकि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान डीडीए सचिव विजयनाथ शुक्ल, प्रोजेक्ट मैनेजर उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम संदीप सिंह रावत, प्रोजेक्ट मैनेजर उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम दिवाकर बडोनी, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग कमलेश जोशी, प्रोजेक्ट सेल ऑफिसर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण अनिल कुमार तड़ागी, सहायक अभियंता डीडीए शिवम धीमान, अभिषेक कुमार तथा अवर अभियंता अभिषेक कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पार्किंग की आड़ में रोड क्रॉसिंग शुल्क की अवैध वसूली

## तत्काल रोक के लिए सीडीओ ने की कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** पर्यटन नगरी भीमताल में रोड क्रॉसिंग शुल्क के नाम पर हो रही अवैध वसूली के मामले में सीडीओ नैनीताल ने कड़ा रुख अपनाया है। सामा. जिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी द्वारा इस संबंध में सौंपी गई 22 पन्नों की विस्तृत फाइल को सीडीओ ने हर साक्ष्य सहित गौर से पढ़ा और मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। मामले में श्री बृजवासी ने बताया कि भीमताल-नौकुचियाताल मार्ग पर पार्किंग कर्मी बीच सड़क पर ही वाहनों को रोककर नौकुचियाताल, पांडे गांव, जंगलियागांव जाने वाले पर्यटकों से जबरन शुल्क वसूल रहे हैं इससे लोनिवि की सड़क पर जाम लग रहा है और भीमताल की छवि खराब हो रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ ने ईओ भीमताल, कोतवाल भीमताल एवं अधिशासी अभियंता लोनिवि भवाली को तत्काल निर्देश जारी किए हैं किहो रहे अवैध शुल्क पर तुरंत रोक लगाई जाए एवं रोड़ क्रॉसिंग शुल्क को अवैध घोषित किया जाए। पार्किंग समीप दीन दयाल पार्क समीप लोनिवि सड़क किनारे गाड़ी पार्क न कराई जाए, अतिक्रमण हटाया जाए। पार्किंग कर्मियों को पार्किंग नियमावली' का शक्ति से पालन कराया जाए। सभी अवैध गतिविधि रोकने हेतु प्रभावी कदम उठाए जाएं।

# मार्गशाला फाउंडेशन को एडीजी एचीवर्स अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मार्गशाला फाउंडेशन को सम्मानजनक रोजगार और आर्थिक विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य के लिए यूएनडीपी एसडीजी एचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। बता दें पिछले 6 वर्षों से मार्गशाला फाउंडेशन उत्तराखंड के ग्रामीण युवा उद्यमियों के साथ अपने प्रमुख कार्यक्रम स्वरोजगार फैलोशिप के माध्यम से काम कर रही है। इस कार्यक्रम के तहत युवाओं को अपने व्यवसाय को मजबूत करने, मेंटरशिप प्राप्त करने और अपने समुदायों में स्थानीय रोल मॉडल बनने में सहयोग दिया जाता है।

सम्मान प्रक्रिया के तहत यूएनडीपी अधिकारियों ने नैनीताल का दौरा किया और मार्गशाला द्वारा समर्थित जिले के कुछ युवा उद्यमियों से



मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने उनके काम तथा उनकी यात्रा और स्थानीय आजी. विका में उनके योगदान को समझा। इस संवाद ने पहाड़ के युवाओं की स्थानीय स्तर पर अर्थपूर्ण अवसर बनाने की क्षमता में विश्वास को और मजबूत किया। स्वरोजगार फेलोशिप के पूर्व प्रतिभागी देवेंद्र महोरी पिथौरागढ़, को भी सम्मानित किया गया। उनकी यह कामयाबी पहाड़ में निरंतर उद्यमिता सहयोग के प्रभाव को दर्शाती है। इस सम्मान पर आद्या सिंह संस्थापक ने कहा यह पुरस्कार उत्तराखंड के ग्रामीण युवाओं के साहस और उद्यमशीलता की पहचान है। यह हमें फिर याद दिलाता है कि पहाड़ के युवाओं को नौकरी खोजने वालों के बजाय रोजगार देने वाले बनने में सहयोग देना कितना महत्वपूर्ण है। इसी बात को आगे बढ़ाते हुए अरुणिमा पांडे एसोसिएट डायरेक्टर ने कहा हम जिन युवा उद्यमियों के साथ काम करते हैं उनमें हम इस क्षमता को बहुत करीब से देखते हैं। हमारी आशा है कि हम ऐसे और युवाओं को युवा अचीवर बनने और दूसरों के लिए अर्थपूर्ण अवसर बनाने में सहयोग कर सकें। कहा कि अब तक मार्गशाला ने पर्यटन, हस्तशिल्प, कृषि, खाद्य तथा सेवा और अन्य स्थानीय आजीविका क्षेत्रों से जुड़े 200 से अधिक युवा उद्यमों को सहयोग दिया है। संस्था ऐसे उद्यमशील माहौल के निर्माण की दिशा में काम कर रही है जहां युवाओं के लिए पलायन मजबूरी नहीं बल्कि एक विकल्प हो।

# सत्यापन अभियानः खाद्य विभाग ने घर-घर जाकर की राशन कार्डों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल तहसील क्षेत्र में इन दिनों राशन कार्डों का व्यापक सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान खाद्य क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि सत्यापन अभियान के तहत भीमताल ब्लॉक, रामगढ़ ब्लॉक, नगर पालिका नैनीताल तथा नगर पालिका भवाली के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गठित टीमें घर-घर जाकर सत्यापन कार्य कर रही हैं। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित टीमों के नोडल अधिकारी भी उपजिलाधिकारी हैं। सत्यापन कार्य में नगर पालिका नैनीताल, नगर पालिका भवाली, भीमताल, खंड विकास कार्यालय, पूर्ति विभाग, सिंचाई विभाग तथा जल



संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। तहसील नैनीताल में वर्तमान में 2,276 अंत्योदय राशन कार्ड प्रचलन में हैं, जिनमें 8,564 यूनिट शामिल हैं। वहीं प्राथमिक परिवार श्रेणी के 16,056 राशन कार्डों में 66,863 यूनिट तथा राज्य खाद्य योजना के 13,829 राशन कार्डों में 50,197 यूनिट दर्ज हैं। अभियान के तहत अब तक अंत्योदय श्रेणी के 363 कार्डों, प्राथमिक परिवार श्रेणी के 3,682 कार्डों तथा राज्य खाद्य योजना के 4,023 कार्डों का सत्यापन किया जा चुका है। सत्यापन के दौरान कुछ राशन कार्ड अपात्र पाए गए हैं, जिनके विरुद्ध निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। इनमें अंत्योदय श्रेणी के 11, प्राथमिक परिवार श्रेणी के 132 तथा राज्य खाद्य योजना के 106 राशन कार्ड शामिल हैं। प्रशासन का कहना है कि अभियान का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों तक खाद्यान्न योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना और अपात्र व्यक्तियों को सूची से हटाना है।

# बड़ा एक्शनः 150 होमस्टे इकाइयों का पंजीकरण निरस्त

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में नैनीताल जिले में संचालित होमस्टे इकाइयों का व्यापक निरीक्षण अभियान लगातार जारी है। जिले के परगनाधिकारियों एवं पर्यटन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गई जांच के दौरान अनेक इकाइयों में होमस्टे नियमावली के प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि कई होमस्टे इकाइयों में स्वामी स्वयं निवासरत नहीं पाए गए। इसके अतिरिक्त पार्किंग व्यवस्था के अभाव में सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग, रिसेप्शन स्टाफ की नियुक्ति कर इकाइयों का होटल एवं रेस्टोरेंट की भांति संचालन तथा इकाइयों को लीज पर देकर व्यावसायिक रूप से संचालित किया जाना भी पाया गया। उक्त अनियमितताओं के आधार पर जनपद की कुल 150 होमस्टे इकाइयों का पंजीकरण निरस्त किया गया है साथ ही 55 इकाइयों पर प्रति इकाई 10 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। क्षेत्रवार कार्रवाई के अंतर्गत तहसील धारी में 19, रामनगर में 20, नैनीताल में 94, कालाढूंगी में 5 तथा हल्द्वानी में 5 तथा कैंची धाम क्षेत्र में 7 इकाइयों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में नोटिस अवधि में संचालित अन्य इकाइयों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि होमस्टे व्यवस्था की मूल अवधारणा एवं नियमावली का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएए जिससे पर्यटन गतिविधियों में पारदर्शिता एवं व्यवस्थित संचालन बना रहे।

## एक नजर

### 'जनहित' की दिव्या साह बनीं कार्यकारी अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित जनहित संस्था के महासचिव महेश चंद्र आर्य ने बताया कि संस्था के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्यों के आपसी विचार विमर्श के बाद संस्था के कार्यकलापों आदि को गतिमान बनाये रखने के लिए संस्था की वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिव्या साह को संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है। आर्य के मुताबिक संस्था के वर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी की अस्वस्थता व बढ़ती उम्र के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। आर्य ने कहा कि संस्था कार्यकारी अध्यक्ष दिव्या साह से अपेक्षा करती है कि वह समय-समय पर संस्था के संरक्षक जगमोहन सिंह बिष्ट व अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी से मागदर्शन हासिल करती रहेगी। इसके साथ ही उनके ही निर्देशानुसार संस्था की गतिविधियों को पूर्ववत संचालित करना तय करेगी। दिव्या साह ने कहा कि उन्हें संस्था की ओर से जो जिम्मेदारी सौपी गयी है उसका वह लगन व निष्ठा से निर्वह्न करेंगी।

### कौशल विकास के कार्यक्रमों की सराहना

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र में शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रो. इंदु पाठक, प्रो. मीना पथनी, प्रो. पिंकी शर्मा दिल्ली विश्वविद्यालय तथा प्रो. नीता बोरा शर्मा, डा. किरण तिवारी व खुशबू आर्या शामिल रहे। बैठक में सभी ने केंद्र में चल रहे कौशल विकास के कार्यक्रमों की सराहना की तथा संस्कृति से कौशल विकास पर ध्यान आकृष्ट किया। माता रानी महिला अध्ययन केंद्र में विमेंस स्टडीज में परास्नातक एनईपी 2024 से संचालित है जिसमें वीमेन एंड डिजास्टर मिटिगेशन, जेंडर एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, फेमिनिज्म एंड फारेन पालिसी आदि विषयों को डीएससी और जीई में शामिल किया गया है जिसे सातवे और आठवें सेमेस्टर के अन्य विषयों के विद्यार्थी भी वीमेन स्टडीज के इन विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। विद्यार्थी भविष्य में स्नातक स्तर से वीमेंस स्टडीज को एक नए विषय में अध्ययन सकते हैं। इन विषयों को शामिल करने का उद्देश्य भविष्य में विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से रोजगार तथा उत्तराखंड की संस्कृति का संवर्धन है।

### वर्मा उक्रांद अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

**नैनीताल।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने नारायण लाल वर्मा को जनपद पिथौरागढ़ का अध्यक्ष नामित किया है। दूसरी ओर नारायण लाल वर्मा ने कहा कि उन्होंने कर्मचारियों के लिए पहले भी संघर्ष किया था अभी भी संघर्ष करेंगे। कहा कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर भी सरकार पर दबाव बनाएंगे। नारायण लाल वर्मा के अध्यक्ष बनने पर संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने खुशी जताई। इधर दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में आज भी पौधा रोपण अभियान जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 684वें दिन डीडीहाट के बंदर लीमा खिरचना स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में मंदिर के प्रमुख पुजारी चंचल सिंह खोलिया के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया।

### हिंदी पत्रकारिता के योगदान को सराहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर रामनगर टैक्स बार के अध्यक्ष डा. पूरन चंद्र पांडे एवं उपसचिव डा. मनु अग्रवाल ने पत्रकारों को शुभकामनाएं देते हुए लोकतंत्र में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। डा. पूरन चंद्र पांडे ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने जनजागरूकता बढ़ाने, जनहित के मुद्दों को उठाने तथा शासन-प्रशासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि 30 मई 1826 को पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा प्रथम हिंदी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन की स्मृति में हिंदी पत्रका. रिता दिवस मनाया जाता है। डा. मनु अग्रवाल ने कहा कि निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता समाज को सही दिशा देने का कार्य करती है। उन्होंने पत्रकारों से तथ्यपरक और जिम्मेदार पत्रकारिता के माध्यम से समाज को जागरूक करने का आह्वान किया।

### हाईकोर्ट में शुरू हुई एचएमटी कामगार संघ की ओर से दायर अपीलों पर सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट के रानीबाग स्थित हिंदुस्तान मशीन टूल्स (एचएमटी) कामगार संघ की ओर से दायर अपीलों पर शनिवार से सुनवाई शुरू हो गई है। बता दें कामगार संघ और अन्य की ओर से एकलपीठ के आदेश के खिलाफ पृथक पृथक विशेष अपील दायर की गई हैं। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में शनिवार को सुनवाई हुई। संघ की ओर से अधिवक्ता डा. कार्तिकेय हरि गुप्ता की ओर से कहा गया कि वर्ष 1953 में एचएमटी अस्तित्व में आयी। वर्षों तक ठीक चलने के बाद फैक्ट्री घाटे में चलने लगी जबकि वर्ष 2016 में केंद्र सरकार ने एचएमटी वाच, एचएमटी चिनार और एचएमटी बेरिंग को शर्तों के साथ बंद करने का निर्यण ले लिया। अंततः 2018 में फैक्ट्री को बंद कर दिया साथ ही कार्मिकों को वर्ष 2007 के नोशनल वेतनमान को आधार मानते हुए स्वैच्छिक सेवानिवृति देने का आदेश एचएमटी प्रबंधन को दे दिया। आगे कहा गया कि प्रबंधन की ओर से तय मानकों अनुपालन नहीं किया गया जबकि केन्द्र सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पिंकी आनंद ने कहा कि आरोप गलत हैं।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने दी महिलाओं को कानूनी जानकारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के भवाली में शनिवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पारुल थपलियाल ने नगर पालिका सभागार में महिलाओं को कानूनी जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की नसीहत दी। नशे के दुष्परिणामों को विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि नशा करने से गंभीर बीमारियों का सामना भी करना पड़ता है जिसका असर उसके परिवार पर पड़ता है। इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व दर्जा राज्यमंत्री खष्टी बिष्ट एवं नगर पालि.



का अध्यक्ष पंकज कुमार तथा अधिशासी अधिकारी ने जज का स्वागत अभिनंदन करते हुए इस तरह के कार्यशालाएं समय समय पर लगाने की अपील की जिससे आम जनमानस में जागरूकता आयेगी। इस अवसर पर जिला विधिक प्राधिकरण की कोर्डिनेटर कुमारी रितु ने कार्यक्रम का संचालन किया। समूह सभी की महिलाओं ने विधिक जानकारी के लिए जज का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर इंद्र कपिल, मनोज तिवारी, गणेश भट्ट, धनी दुमका, प्रभा भाकुनी, रचना आर्या, ममता, सुमन सहित दर्जनों महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

# श्री अरबिंदो आश्रम में हुई इंटर स्कूल भक्ति गायन प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** श्री अरबिंदो के अवशेष स्थापना दिवस के वार्षिक समारोह के एक भाग के रूप में श्री अरबिंदो आश्रम वन निवास में बड़े उत्साह और आध्यात्मिक श्रद्धा के साथ एक अंतर विद्यालय भक्ति गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने नैनीताल के प्रमुख विद्यालयों के प्रतिभाशाली युवा गायकों को एक मंच पर एकत्रित किया जिससे भक्ति, संगीत और सांस्कृतिक सद्भाव से



भरा एक वातावरण निर्मित हुआ। प्रतियोगिता के सीनियर समूह गायन में प्रथम स्थान भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, द्वितीय एलपीएस जबकि जूनियर समूह गायन में प्रथम स्थान सेंटजोंस स्कूल, द्वितीय भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, तृतीय एलपीएस रहा। जूनियर एकल गायन में एलपीएस पहला, द्वितीय स्थान सेंटजोंस स्कूल, तृतीय भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, सीनियर एकल गायन में प्रथम भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय रहा। पुरस्कार और प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने बांटे।

# 'द लीडरशिप फनल' का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि. ) ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रो. केपी सिंह द्वारा संपादित पुस्तकों द लीडरशिप फनल एवं थॉट टू इंक का लोकार्पण



किया। यह पुस्तकें राज्यपाल के उत्तराखण्ड की विकास यात्रा तथा जनसेवा और राष्ट्र प्रथम की भावना को समर्पित हैं। विमोचन के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ये पुस्तकें केवल प्रकाशन नहीं बल्कि उत्तराखण्ड की विकास यात्रा, जनसेवा के संकल्प और राष्ट्रहित के दृष्टिकोण का जीवंत दस्तावेज हैं। उन्होंने कहा कि द लीडरशिप फनल उनके व्यक्तिगत कार्यकाल की नहीं बल्कि उत्तराखण्ड के युवाओं, महिलाओं, सैनिकों, शिक्षकों व वैज्ञानिकों और कर्मयोगियों की सामूहिक यात्रा को प्रतिबिंबित करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में चार दशकों से अधिक सेवा और राज्यपाल के रूप में दायित्व निर्वहन के दौरान राष्ट्र प्रथम उनके जीवन का मूल आधार रहा है। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत का मार्ग विकसित राज्यों से होकर गुजरता है और उत्तराखण्ड को शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, पर्यटन, संस्कृति एवं आध्यात्मिकता के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि थॉट टू इंक केवल विच. ारों का संग्रह नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण, शिक्षा, युवा सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता और जनभागीदारी से जुड़े विषयों पर सार्थक संवाद का प्रयास है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये पुस्तकें युवाओं, शोधार्थियों व प्रशासकों और समाज के विभिन्न वर्गों को प्रेरित करेंगी। राज्यपाल ने प्रो. केपी सिंह प्रकाशक संदीप जैन एवं अटल प्रकाशन की टीम को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देते हुए उनके शोध, समर्पण और परिश्रम की सराहना की।

# नैनीताल के पर्यटन सीजन ने पकड़ी रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** गर्मी बढ़ते ही सैलानियों की आमद तेज हो गई है और सरोवर नगरी पिछले कई दिनों से लगातार बढ़ती भीड़ के बीच पूरी तरह रौनक से भर उठी है। शुक्रवार को शहर में जिस तरह पर्यटक पहुंचे, उससे हालत यह रहे कि अधिकांश होटल और होम स्टे पूरी तरह भर गए, जबकि पार्किंग स्थल भी वाहनों से खचाखच नजर आए। अनुमान है कि एक ही दिन में दस हजार से अधिक सैलानी नैनीताल पहुँचे और दो हजार से ज्यादा पर्यटक वाहनों ने शहर की ओर रुख किया, जिससे नगर का पूरा माहौल बदल गया और सड़कें दिनभर दबाव झेलती रहीं। भीड़ के बढ़ने का सीधा असर यातायात व्यवस्था पर पड़ा। मालरोड, मस्जिद चौराहा, चिड़ियाघर रोड और मेट्रोपोल रोड जैसे मुख्य मार्गों पर कई बार जाम की स्थिति बनी, वहीं हल्द्वानी, कालाढूंगी

सैलानियों की आमद से गुलज़ार हुई लेकसिटी



और भवाली की ओर जाने वाली सड़कों पर भी वाहनों की रफ्तार बार बार थमती रही। पार्किंग की सीमित सुविधा के कारण व्यवस्थाएं और चुनौतीपूर्ण बन गईं। स्थिति संभालने की कोशिश में पुलिस ने रूसी बाईपास पर लगभग 150 वाहनों को रोककर शटल सेवा के माध्यम से शहर की ओर भेजा, जबकि कैंची धाम जाने वाले पर्यटकों को वैकल्पिक रूट से डायवर्ट किया गया ताकि मुख्य शहर पर दबाव थोड़ा कम हो सके। पर्यटकों की भीड़ से शहर के तमाम पर्यटन स्थल भी दिनभर गुलजार रहे। स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, वाटरफाल, केव गार्डन, चिड़ियाघर और बोटेनिकल गार्डन जैसे लोकप्रिय स्थानों पर लगातार पर्यटक पहुंचते रहे, जबकि मालरोड सुबह से शाम तक पूरी तरह सैलानियों से भरी दिखाई दी। नौका विहार का आनंद लेने वालों की भी लाइन पूरे दिन लगी रही। मांग बढ़ने के साथ ही होटल दरों में भीं तेजी दर्ज की गई और कई जगह टैक्सी चालकों द्वारा मनमाना किराया वसूलने की शिकायतें भी सामने आईं। शहर के उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान में शुक्रवार को 1889 पर्यटक पहुंचे, रोपवे से स्नो व्यू जाने वालों की संख्या एक हजार से ऊपर रही और वाटरफाल में भी 1037 सैलानियों ने दिनभर चहल पहल बनाए रखी, जबकि बोटेनिकल गार्डन में 466 लोगों ने भ्रमण किया। भीड़ को बेहतर ढंग से नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने पूरे सीजन के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान लागू कर दिया है। एसपी क्राइम नैनीताल डा. जगदीश चंद्रा के अनुसार जिन पर्यटकों की होटल बुकिंग और पार्किंग की सुविधा पुख्ता है, उन्हें सीधे नगर में प्रवेश दिया जाएगा। जबकि जिनकी बुकिंग तो है पर पार्किंग की व्यवस्था नहीं, ऐसे पर्यटकों को रूसी1 और रूसी 2 बाईपास पर रोककर शटल के माध्यम से शहर में भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी अपील की कि सैलानी बिना बुकिंग नैनीताल न आएं और होटल चुनते समय पार्किंग की सुविधा जरूर सुनिश्चित करें। यह ट्रैफिक व्यवस्था 30 जून तक जारी रहेगी क्योंकि इसी अवधि में कैंची धाम, मुक्तेश्वर, भीमताल, सातताल और नौकुचियाताल सहित आसपास के क्षेत्रों में भी भारी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं, जिससे पूरे इलाके में यातायात का दबाव बना रहता है।

# कलाकारों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार (सीएफपीजीएस) के सहयोग से पारंपरिक, पौराणिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों लोक गाथा गंगू रमौला का आयोजन शनिवार को जिले के भीमताल विकास खंड के राजकीय इंटर कालेज भूमियाधार में किया गया। लोक संस्कृति को समर्पित सर्वोदय सेवा समिति नैनीताल द्वारा उत्तराखण्ड संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से विकास तथा कला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रचार प्रसार तथा पारंपरिक सांस्कृतिक संगीत नृत्य कार्यक्रम के इस विशेष आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि त्रिभुवन आर्या तथा विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र प्रसाद तथा नेहा आर्या संगीत शिक्षिका की ओर से दीप जलाकर किया गया। समिति के अध्यक्ष आनन्द सिंह मेहरा ने सभी अतिथियों का स्वागत बैच लगाकर व प्रतीक चिन्ह्व देकर किया गया वहीं




संस्था के महासचिव ने सभी का समिति परिवार की ओर से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन उमेश कांडपाल ने किया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत नंदा सुनंदा की वंदना ओ नंदा सुनंदा तू देंडी है जाए... से हुई, उसके बाद झोडा मेरी रुकता साली, गीत अजय कुमार आज कुछे मैत जा..., समूह नृत्य थल को कौतिक..., गीत नेहा, समूह नृत्य ओटूवा बेलडा, गीत अजय कुमार जागजा ओ चकौरा..., नृत्य नाटिका गंगू रमौला का मंचन किया गया। निर्देशन किशन लाल, सह निर्देशन आनन्द सिंह मेहरा, नृत्य निर्देशन रिया टम्टा, संगीत सतीश कुमार, गायन कलाकार ललित मोहन चमयाल, नेहा आया व नृत्य कलाकारों में हैरी, चैतना, गौरव, आशिष, गुंजन, सचिन, पंकज कुमार, दीपिका पंत, नीलम तिवारी जबकि हारमोनियम में शुभम कुमार, ढोलक में गौवर कुमार, की बोर्ड में शुभम कुमार तथा भुवन कुमार व बांसुरी पर कैलाश कुमार ने संगत दी।

